**K.P.C. PUBLIC SCHOOL KHARGHAR**
**Assessment- I : 23-24**

Grade: VI　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Marks :40
Sub: Hindi　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Time:2 Hours

---

निर्देश:

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड है-क, ख, ग और घ

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड 'क'

**प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुन कर लिखिए।　　　　　(अंक 6)**

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मजा मिलता दूध और जलेबी को सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते।

श्यामा- बच्चों को क्या खिलाएगी बेचारी ?केशव इस पेचीदा सवाल का जवाब कुछ न दे सकता था। इस तरह तीन-चार दिन गुजर गए। दोनों बच्चों की जिज्ञासा दिन-दिन बढ़ती जाती थी। अंडों को देखने के लिए वे अधीर हो उठते थे। उन्होंने अनुमान लगाया कि अब जरूर बच्चे निकल आए होंगे। बच्चों के चारे का सवाल अब उनके सामने आ खड़ा हुआ। चिडिया बेचारी इतना दाना कहाँ पाएगी कि सारे बच्चों का पेट भरे। गरीब बच्चे भूख के मारे चूँ-चूँ करके मर जाएँगे।

प्रश्न

1. श्यामा ने केशव से क्या प्रश्न किया?
   (क) चिड़िया के बच्चों के लिए खाने का क्या प्रबंध करें।
   (ख) चिड़िया के बच्चे कब बड़े होंगे।
   (ग) चिड़िया बच्चों को क्या खिलाएगी?
2. बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी?
   (क) अडों को देखने की ।
   (ख) चिड़िया के लिए सभी प्रबंध करने की
   (ग) चिड़िया को उड़ाने की
3. बच्चों ने क्या अनुमान लगाया?
   (क) बच्चे उड़ने योग्य हो गए होंगे ?
   (ख) अंडो से बच्चे निकल गए होंगे।
   (ग) बच्चे दाना खा पाएँगे?
4. केशव के घर कार्निस के ऊपर किस ने अंडे दिए थे?
   (क) कबूतर ने अंडे दिए।
   (ख) चिड़िया ने अंडे दिए।
   (ग) कोयल ने अंडे दिए।

5. बच्चों के सामने कौन सा बड़ा सवाल आ खड़ा हुआ?

(क) चिड़िया के बच्चों के चारे का सवाल

(ख) चिड़िया के बच्चों के सोने का सवाल

(ग) चिड़िया के बच्चों के उड़ने का सवाल

6. केशव के घर चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे?

(क) घर घर के अंदर।

(ख) कार्निस के ऊपर।

(ग) घर के अंगन में।

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(अंक 6)**

आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं,
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि बढ़ते ही चले जाते हैं-
दम नहीं लेते हैं जब तक बिलकुल ही गोल न हो जाएँ, बिलकुल गोल ।
यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में- आता है।

प्रश्न

1. कवि लड़की के माध्यम से चाँद पर क्या कटाक्ष करता है?

क) तुम्हें घटने बढ़ने की बीमारी है घटते हो तो घटते ही चले जाते हो बढ़ते हो तो बढ़ते ही चले जाते हो।

ख) तुम्हें दूसरों को नीचा दिखाने की बीमारी है। गए) यह बात मत सोचो कि तुम्हारी चांदनी के बिना हम रह नहीं पाएँगे।

ग) तुम्हें गोल होने की बीमारी है लेकिन सा सदा गोल रहना तुम्हारे भाग्य में नहीं।

2. चाँद की क्या विशेषता है?

क) कभी पूरा गोल होता है

ख) कभी घटता और कभी बढ़ता रहता है।

ग) दिए गए सभी।

3.कविता मे किन दो पक्ष को दर्शाया गया है?

क) कृष्ण पक्ष या शुक्ल पक्ष

ख) प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष

ग) अगला पक्ष में पिछला पक्ष

4. बिल्कुल गोल मुहावरे का अर्थ है-

क) दिखाई देना बंद होना।

ख) पूरा गोलाकार लेना।

ग) निरंतर गोलाई की ओर बढ़ना।

5. उपर्युक्त काव्यांश में किसके बारे में बताया गया है?

क) सूर्य ख) आकाश ग) चाँद

6. 'दम ना लेना'का अर्थ बताइए।

(क) विश्राम ना करना ।

(ख) आराम से कार्य करना।

(ग) सही समय की प्रतीक्षा करना।

**'खंड ख'**

**3.निम्नलिखित वाक्यों को सही शब्द चुनकर शब्दों से पूरा कीजिए। (अंक 12)**

1) भारतीय संविधान में-------भाषाओं को मान्यता प्राप्त है।

(क) 22 (ख) 26 (ग) 24

2) हरियाणा, झारखंड ,पंजाब, सचिन तेंदुलकर यह किस संज्ञा के उदाहरण हैं ।

(क) जातिवाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ग) समूहवाचक संज्ञा

3) हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी होती हैं?

(क) 11 (ख) 23 (ग) 24

4) संज्ञा के कितने भेद हैं?

(क) दो (ख) चार (ग) तीन

5) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

अ) मुँह में पानी भर आना (आ) भीगी बिल्ली बनना

6) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।

1) सेठ

7) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।

1) वस्तु

8) उचित कारक चिन्ह से वाक्य पूरे कीजिए।

1) मुझे रास्ते ----- दोस्त मिल गए । (से, का, में )

9) समानार्थी शब्द लिखिए।

1) पोशाक

10. अतिथि शब्द है।

(क) एकवचन

(ख) बहुवचन

(ग) दोनों रूपों में प्रयुक्त

11. दिए गए शब्द को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।

क) अच्छा

खंड 'ग'

**प्रश्न 4. पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (अंक 6)**

1) 'वह चिड़िया जो' कविता में वर्णित चिड़िया की विशेषताएँ लिखिए।

2) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या -क्या काम करती थी?

3) अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे? वे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

4) हमें चिड़िया की भाँति संतोषी क्यों होना चाहिए?

**खंड 'घ'**

**प्रश्न 5 विज्ञान प्रतियोगिता विषय पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद लिखिए। (अंक 5)**

**6 .निम्नलिखित अपठित गद्यांश के उत्तर दीजिए। (अंक 5)**

वाणी एक अनमोल वरदान है। कोयल अपनी मीठी वाणी से सबका मन हर लेती है, जबकि कौए की काँव-काँव किसी को अच्छी नहीं लगती। वाणी के बिना सब कुछ सूना है। मीठी वाणी का प्रभाव बहुत व्यापक होता है। मीठी वाणी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। मधुर बोलने वाले का समाज में बहुत आदर होता है। मधुरभाषी के मुख से निकला एक एक शब्द सुनने वाले के मन को लुभाता है। उसके संपर्क में आने वाला व्यक्ति उसके वश में हो जाता है। मीठी वाणी केवल सुनने वाले को ही आनंदित नहीं करती वरन बोलने वाले को भी आनंद पहुँचाती है। रहीम ने कहा है- 'मीठे वचन तैं सुख उपजत चहुँ और । मृदुभाषी समाज में सदभावना का प्रसार करता है। कटु भाषा बोलने वाले को अनेक प्रकार की हानियाँ उठानी पड़ती हैं। ऐसे व्यक्ति के लिए ही कहा गया है- कटु भाषा का प्रयोग काम को बिगाड़ देता है। जहाँ मधुर वाणी अमृत है, वहाँ कटु वाणी विष है। कहा भी गया है - 'मधुर वचन है औषधि, कटुक वचन है तीर' ।

प्रश्न

1. कोयल और कौए में अंतर का आधार क्या है ?
2. मीठी वाणी से सभी कार्य क्यों हो जाते हैं?
3. मृदुभाषी समाज में किसका प्रसार करता है ?
4. रहीम ने कड़वे वचन बोलने वाले को क्या सलाह दी है ?
5. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।